# 15 राजस्थान में अंग्रेजी प्रभुत्व एवं उसके प्रभाव

1. राजस्थान की रियासतों में सबसे पहले किन रियासतों ने अंग्रेजों से संधि के प्रयास किए?
(1) जयपुर और जोधपुर (2) कोटा और जोधपुर
(3) उदयपुर और कोटा (4) उदयपुर और भरतपुर (1)

2. राजस्थान की वह प्रथम रियासत जिसके साथ ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने संधि की?
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) अलवर (4) धौलपुर (1)

**व्याख्या–** भरतपुर रियासत ने ईस्ट इंडिया कंपनी से 29 सितम्बर, 1803 को संधि की थी।

3. गर्वनर जनरल जॉर्ज बार्लो ने 1806 ई. में राजस्थान की किन दो रियासतों को छोड़कर अन्य राजपूत राज्यों से हुई संधियाँ रद्द कर दी थी?
(1) जयपुर, अलवर (2)अलवर, भरतपुर
(3) जयपुर, भरतपुर, (4) जयपुर, जोधपुर (2)

4. 1803 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ हुई संधि के समय जोधपुर के शासक कौन थे?
(1) महाराजा मानसिंह (2) तख्तसिंह
(3) भीमसिंह (4) जसवन्त सिंह द्वितीय (1)

**व्याख्या–** जोधपुर रियासत ने 22 दिसम्बर, 1803 को ईस्ट इंडिया कंपनी से संधि की थी।

5. 1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की ओर से राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अधिकारी था?
(1) ऑक्टरलोनी (2) चार्ल्स मेटकॉफ
(3) कर्नल टॉड (4) लॉर्ड हेस्टिंग्ज (2)

**व्याख्या–** चार्ल्स मेटकॉफ को 1811 ई. में सेटन के स्थान पर दिल्ली का रेजीडेंट बनाया गया तथा गवर्नर जनरल लॉर्ड हेस्टिंगस ने चार्ल्स मेटकॉफ को राजपूत राजाओं के साथ संधियां करने का आदेश दिया।

6. 1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि के दौरान उदयपुर राज्य की ओर से किसने हस्ताक्षर किए थे?
(1) बिशनराम व्यास (2) ठाकुर रणधीर सिंह
(3) काशीनाथ ओझा (4) ठाकुर अजीत सिंह (4)

**व्याख्या–** 13 जनवरी, 1818 को उदयपुर रियासत व कंपनी सरकार के बीच संधि हुई, इस संधि पर कंपनी की ओर से चार्ल्स मेटकॉफ व महाराणा भीम सिंह की ओर से ठाकुर अजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए थे।

7. अंग्रेजों ने जयपुर राज्य के आन्तरिक मामलों में दखल देने का प्रयास किया, तो 1835 ई. में जयपुर की जनता ने किस अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर दी?
(1) कैप्टन रॉबिन्सन (2) कैप्टन कॉब
(3) कैप्टन ब्लैक (4) जॉन मैल्कम (3)

**व्याख्या–** जयपुर रियासत में अंग्रेजों ने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर जयपुर की राजमाता भटियाणी को अधिकारच्युत करने का प्रयास किया, तो वहां के लोगों ने क्रुद्ध होकर 9 जून, 1835 को कैप्टन ब्लैक की हत्या कर दी थी।

8. अंग्रेजों ने डूँगरपुर के किस शासक को गद्दी से हटाकर प्रतापगढ़ के दलतपसिंह को वहाँ का शासक बना दिया था?
(1) जसवन्त सिंह द्वितीय (2) शिवसिंह
(3) उदयसिंह द्वितीय (4) विजयसिंह (1)

9. अंग्रेजों ने शेखावाटी क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए किस सैनिक टुकड़ी की स्थापना की?
(1) जयपुर ब्रिगेड (2) शेखावाटी ब्रिगेड
(3) ढूंढाड़ ब्रिगेड (4) सीकर ब्रिगेड (2)

**व्याख्या–** शेखावाटी क्षेत्र में शांति स्थापित करने के नाम पर 1835 ई. में 'शेखावाटी ब्रिगेड' नामक एक सैनिक टुकड़ी का गठन कर उसका खर्चा जयपुर राज्य के ऊपर डाल दिया गया।

10. राजपूत राजाओं के साथ 1803 की संधियाँ लॉर्ड लेक ने किस गर्वनर जनरल के आदेशानुसार की थी?
(1) कॉर्नवालिस (2) लॉर्ड डलहोजी
(3) लॉर्ड वेलेजली (4) जॉर्ज बार्लो (3)

11. अंग्रेजों से संधि करने के बाद सबसे पहले आर्थिक स्थिति सुधारने के नाम पर अंग्रेजों ने राजस्थान के किस राज्य का शासन प्रबंध अपने हाथों में ले लिया था?
(1) मेवाड़ (2) मारवाड़
(3) जयपुर (4) बीकानेर (1)

**व्याख्या–** कर्नल टॉड ने आर्थिक स्थिति सुधारने के नाम पर मेवाड़ का शासन प्रबन्ध अपने हाथ में ले लिया था।

12. ईस्ट इंडिया के किस अधिकारी ने 1818 ई. में मराठा शासक दौलतराव सिंधिया से संधि कर अजमेर पर अधिकार कर लिया और इसके साथ ही मेरवाड़ा को भी अजमेर में मिला लिया था?
(1) कर्नल जैम्स टॉड (2) मेजर स्पोटिसवुड
(3) जनरल ऑक्टर लोनी (4) कर्नल न्यूबरी (3)

**व्याख्या–** जनरल ऑक्टर लोनी ने अजमेर व मेरवाड़ा पर अधिकार कर लिया, इस प्रकार अंग्रेज आधिपत्य वाला केन्द्रशासित प्रदेश 'अजमेर मेरवाड़ा' अस्तित्व में आया।

13. जयपुर और कोटा के शासकों ने अंग्रेजों के साथ सहायक संधि करने का प्रयास किस वर्ष किया था?
(1) 1796 (2) 1799
(3) 1795 (4) 1798 (3)

**व्याख्या–** जयपुर व कोटा के शासकों ने 1795 ई. में सहायक संधि के प्रयास किए, परंतु अंग्रेजों ने संधि पर ध्यान नहीं दिया।

Dhindhwal Publication
Lead, Reason and Achieve

14. बूँदी राज्य के किस शासक ने अंग्रेजों के साथ 1818 की संधि की थी?
(1) बिशन सिंह (2) जालिम सिंह
(3) कल्याण सिंह (4) रामसिंह द्वितीय (1)

**व्याख्या–** बिशन सिंह ने 10 फरवरी, 1818 को ईस्ट इंडिया कंपनी से संधि कर ली थी।

15. किस अंग्रेज अधिकारी ने 1806 ई. मे अलवर व भरतपुर के अलावा सभी राजपूत राज्यों से हुई संधियाँ रद्द कर दी थी?
(1) जॉर्ज बार्लो (2) कॉर्नवालिस
(3) लॉर्ड लेक (4) न्यूबरी (1)

**व्याख्या–** लॉर्ड वेलेजली के इस्तीफे के बाद जुलाई 1805 ई. में कार्नवालिस गवर्नर जनरल बना। कार्नवालिस देशी राज्यों के साथ की गई संधियां रद्द करना चाहता था, लेकिन शीघ्र ही उसकी मृत्यु हो गई। उसके बाद जार्ज बार्लो ने 1806 ई. अलवर और भरतपुर के अलावा सभी राजपूतों राज्यों से हुई संधियां रद्द कर दी थी।

16. चार्ल्स मेटकॉफ व कोटा के मुख्य प्रशासक झाला जालिम सिंह ने कोटा राज्य के साथ होने वाली संधियों की शर्ते कब हस्ताक्षरित की थी?
(1) 20 फरवरी, 1818 (2) 26 दिसम्बर, 1817
(3) 26 सितम्बर, 1818 (4) 20 फरवरी, 1817 (2)

17. जयपुर की जनता ने किस विषय से क्रुद्ध होकर 9 जून, 1835 को कैप्टन ब्लैक की हत्या कर दी?
(1) राजमाता भटियाणी को अधिकार च्यूत करने के कारण
(2) शेखावाटी ब्रिगेड का स्थानीय लोगों को नियुक्ति दी है
(3) सांभर झील पर अधिकार करने के कारण
(4) जयपुर की जनता पर अत्यधिक कर थोपने के कारण (1)

18. डूँगरपुर राज्य में अंग्रेजों ने आंतरिक शांति स्थापित करने के नाम पर हस्तक्षेप कर जसवंत सिंह को गद्दी से हटाकर वहाँ का शासक किसे नियुक्त किया था?
(1) मदनपाल (2) भवानी सिंह
(3) दलपत सिंह (4) रतन सिंह (3)

**व्याख्या–** अंग्रेजों ने डूंगरपुर के शासक जसवंतसिंह द्वितीय को गद्दी से हटाकर प्रतापगढ़ के शासक के पौत्र दलपतसिंह को वहां का शासक बना दिया।

19. अंग्रेजों ने किस रियासत के शासक महाराव रामसिंह को नाबालिग होने का आधार बनाकर कर्नल टॉड को उसका संरक्षक नियुक्त किया था?
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) प्रतापगढ़ (4) झालावाड़ (2)

20. धौलपुर के शासक कीरत सिंह ने मराठा आक्रमणों से सुरक्षा के लिए अंग्रेजों से............. संधि कर ली थी।
(1) 29 दिसम्बर, 1803 (2) 15 अगस्त, 1804
(3) 29 जनवरी, 1804 (4) 29 सितम्बर, 1818 (3)

21. सन् 1817 में किन राज्यों द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ सहायक संधि की गई?
(1) कोटा, करौली, टोंक (2) करौली, कोटा, जयपुर
(3) टोंक, बूँदी, करौली (4) बूंदी, करौली, उदयपुर (1)

**व्याख्या–** करौली (9 नवम्बर, 1817), टोंक (15 नवम्बर, 1817) व कोटा ने (26 दिसम्बर, 1817) संधियां की थी।

22. निम्न में से अंग्रेजों के साथ संधि करने वाला प्रथम राज्य........था।
(1) झालावाड़ (2) बांसवाड़ा
(3) जोधपुर (4) जैसलमेर (3)

**व्याख्या–** जोधपुर (6 जनवरी, 1818), जैसलमेर (1 दिसम्बर, 1818), बांसवाड़ा (25 दिसम्बर, 1818) व झालावाड़ ने (10 अप्रैल, 1838) संधियां की थी।

23. जोधपुर राज्य के किस महाराजा व उसके सामंतों के मध्य टकराव के कारण अंग्रेजों ने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया था?
(1) उम्मेद सिंह (2) हनुवंत सिंह
(3) मानसिंह (4) राम सिंह द्वितीय (3)

**व्याख्या–** महाराजा मानसिंह अंग्रेजों के हस्तक्षेप से इतना नाराज था कि 1832 ई. के लॉर्ड विलियम बेंटिक के अजमेर दरबार में भाग नहीं लिया।

24. बाँसवाड़ा राज्य में संधि की शर्तों के मुताबिक खिराज की राशि चुकाने में असफल रहने पर अंग्रेजों ने किस महारावल के शासन में हस्तक्षेप किया तथा कप्तान स्पीसर्य को उसका सलाहाकार नियुक्त कर दिया था?
(1) महारावल दीप सिंह (2) महारावल उम्मेद सिंह
(3) महारावल भवानी सिंह (4) महारावल सामंत सिंह (3)

25. राजपूताना के निम्न में से किस राज्य ने सबसे अंत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि की थी?
(1) करौली (2) कोटा
(3) बूंदी (4) किशनगढ़ (4)

**व्याख्या–** करौली (9 नवम्बर, 1817), कोटा (26 दिसम्बर, 1817), बूँदी (10 फरवरी, 1818) व किशनगढ़ (7 अप्रैल, 1818) ने ईस्ट इंडिया कम्पनी से संधि की थी।

26. किशनगढ़ राज्य ने अंग्रेजों के साथ संधि के समय (7 अप्रैल, 1818) वहाँ के शासक कौन थे, जिन्हें अंग्रेजों ने खिराज मुक्त रखा था?
(1) उम्मेद सिंह (2) किशोर सिंह
(3) मानसिंह (4) कल्याण सिंह (4)

27. निम्न में से किस राज्य द्वारा सिरोही पर अपनी प्रभुसत्ता होने का दावा करने के कारण 1818 में सिरोही के साथ संधि नहीं हो सकी?
(1) मेवाड़ (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) किशनगढ़ (2)

**व्याख्या–** अंग्रेजों ने सिरोही पर जोधपुर के दावे को अस्वीकार कर महाराव शिवसिंह के साथ 11 सितम्बर, 1823 को संधि कर ली थी।

28. प्रतापगढ़ में शासन व्यवस्था को ठीक करने के नाम पर कम्पनी ने राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया तथा वहाँ के किस शासक को हटाकर शासन प्रबंध अपने हाथ में ले लिया?
(1) मदनपाल (2) दलपत सिंह
(3) बलवंत सिंह (4) दीपसिंह (4)

**व्याख्या–** 1843 ई. में अंग्रेजों ने अपने आज्ञाकारी दलपतसिंह को प्रतापगढ़ का शासक बनाया, जिसने अंग्रेजों की इच्छानुसार शासन चलाया।

29. राजस्थान की निम्न में से किस रियासत ने सबसे पहले कम्पनी के साथ 1817–18 की संधि की थी?
(1) सिरोही (2) कोटा
(3) जयपुर (4) बाँसवाड़ा (2)

30. करौली, कोटा, जोधपुर व झालावाड़ ने 1817–18 ई. में ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ संधि पर किस क्रम में हस्ताक्षर किए?
(1) कोटा, करौली, झालावाड़, जोधपुर
(2) करौली, कोटा, जोधपुर, झालावाड़
(3) जोधपुर, कोटा, करौली, झालावाड़
(4) जोधपुर, करौली, कोटा, झालावाड़ (2)

**व्याख्या–** करौली (9 नवम्बर, 1817), कोटा (26 दिसम्बर, 1817), जोधपुर (6 जनवरी, 1818) व झालावाड़ (10 अप्रैल, 1838)

31. जैसलमेर, किशनगढ़, बाँसवाड़ा व करौली में से किस एक रियासत को अंग्रेजों ने 1817–18 संधि के तहत खिराज से मुक्त नहीं रखा?
(1) जैसलमेर (2) किशनगढ़
(3) बाँसवाड़ा (4) करौली (3)

**व्याख्या–** करौली राज्य पेशवा को खिराज देता था, लेकिन कंपनी ने करौली राज्य को खिराज से मुक्त रखा तथा जैसलमेर व किशनगढ़ मराठा को खिराज नहीं देते थे इसलिए कंपनी ने इनको खिराज मुक्त रखा।

32. बीकानेर राज्य के शासक सूरतसिंह ने अंग्रेजों से संधि किस वर्ष की थी?
(1) 21 मार्च, 1817 (2) 7 अप्रैल, 1818
(3) 21 मार्च, 1818 (4) 26 दिसम्बर, 1817 (3)

33. डूँगरपुर राज्य ने अंग्रेजों के साथ 1818 की संधि के समय वहाँ के शासक कौन थे?
(1) शिव सिंह (2) उम्मेद सिंह
(3) सावंत सिंह (4) जसवंत सिंह द्वितीय (4)

34. सन् 1811 ईस्वी में किस रेजीमेंट के स्थान चॉर्ल्स मैटकॉफ को दिल्ली का रेजीडेंट बनाया गया, जिसने राजस्थान के अधिकांश राजाओं के साथ 1817–18 की संधियाँ की?
(1) सेटन (2) लिन माउथ
(3) ब्रिगेडियर गेरार्ड (4) हैटकोच (1)

35. युवराज छत्रसिंह किस शासक के राजकुमार थे, जिन्होंने शासक न होते हुए भी 1818 ई. में संधि पत्र पर हस्ताक्षर किए?
(1) महाराव उम्मेद सिंह (2) महाराजा जगतसिंह द्वितीय
(3) महाराणा भीमसिंह (4) महाराजा मानसिंह (4)

**व्याख्या–** 6 जनवरी, 1818 को कम्पनी सरकार और जोधपुर के मध्य संधि हुई इस पर महाराजा मानसिंह की ओर से युवराज छत्रसिंह, बिशनाराम व्यास और अभयराम व्यास ने हस्ताक्षर किए थे।

36. जयपुर राज्य ने अंग्रेजों के साथ संधि कब व किससे शासनकाल में की?
(1) 12 दिसम्बर, 1805 जगतसिंह द्वितीय
(2) 12 दिसम्बर, 1803 रामसिंह द्वितीय
(3) 12 दिसम्बर, 1805 रामसिंह द्वितीय
(4) 12 दिसम्बर, 1803 जगतसिंह द्वितीय (4)

37. जॉन बार्लो ने 1806 ई. में (इससे पूर्व हुई) राजपूताना के किन दो राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के साथ संधियाँ रद्द कर दी थी?
(1) कोटा–भरतपुर (2) धौलपुर–भरतपुर
(3) अलवर–भरतपुर (4) अलवर–जयपुर (3)

38. मेवाड़ में भीलों का विद्रोह दबाने हेतु गठित मेवाड़ भील कोर का वार्षिक खर्च कितना था, जिसका वहन मेवाड़ महाराणा को करना पड़ा?
(1) 50 हजार (2) 20 हजार
(3) 20 हजार (4) 35 हजार (1)

39. 1818 की संधि के समय राज्य व उसका शासक किस विकल्प में सुमेलित नहीं है?
(1) सिरोही – शिव सिंह
(2) करौली – हरबक्षपाल
(3) जोधपुर – तख्त सिंह
(4) जयपुर – जगतसिंह द्वितीय (3)

**व्याख्या–** 1818 की संधि के समय जोधपुर का शासक मानसिंह था।

40. डूँगरपुर राज्य व ईस्ट इंडिया कम्पनी की संधि के बारे में सत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) यह संधि 11 दिसम्बर, 1818 की गई थी।
(2) इस संधि के समय डूँगरपुर के शासक महारावल जसवंत सिंह द्वितीय थे।
(3) यह संधि जॉन मेकलम नामक अंग्रेज अधिकारी ने की थी।
(4) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है। (4)